आई. सी. एम. आर. - राष्ट्रीय प्रजनन एवं बाल स्वास्थ्य अनुसंधान संस्थान

परेल, मुंबई-400012

परिपत्र

विषय: राजभाषा विभाग के दिशानिर्देश पर वार्षिक प्रोत्साहन योजना लागू करने के संबंध में।

हमारे संस्थान के कई कर्मचारी/अधिकारी राजभाषा हिंदी में काम करके अपना सराहनीय योगदान देते हैं। पिछले निरीक्षण के दौरान संसदीय राजभाषा समिति को दिया गया आश्वासन पूरा करने के लिए तथा राजभाषा विभाग के दिशानिर्देश (प्रतिलिपि संलग्न) पर संस्थान में वार्षिक प्रोत्साहन योजना लागू की जा रही है ताकि सभी कर्मचारी/अधिकारी निरंतर उत्साहपूर्वक राजभाषा हिंदी में कार्य करते रहें। इस योजना के अंतर्गत हर वर्ष 1 जनवरी से 31 दिसंबर तक हिंदी में किए गए कार्य का मूल्यांकन किया जाएगा। इस योजना के अंतर्गत अधिकतम कार्य के अनुसार निम्नलिखित 10 पुरस्कार दिए जाएंगे :-

प्रथम पुरस्कार (2 पुरस्कार) : 5000/- रु.
द्वितीय पुरस्कार (3 पुरस्कार) : 3000/- रु.
तृतीय पुरस्कार (5 पुरस्कार) : 2000/- रु.
कुल राशि : 29000/- रु.

अत: इस योजना में भाग लेने के इच्छुक सभी कर्मचारियों/अधिकारियों से अनुरोध है कि कृपया वे 1 जनवरी, 2025 से 31 दिसंबर, 2025 तक वर्ष के दौरान किए गए कार्य के संक्षिप्त विवरण सहित अपनी प्रविष्टि अपने रिपोर्टिंग अधिकारी के माध्यम से हिंदी अनुभाग को 15 जनवरी, 2026 तक अवश्य प्रस्तुत करें।

वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी